tci THE CHALLENGE INITIATIVE

HEALTHY CITIES INDIA

# Whole Site Orientation
## (Adolescent Friendly Health Services)




| Time | Content | Methodology |
| --- | --- | --- |
| 10 minutes | Welcome | |
| 20 minutes | Ice breaking & Introductions | Game |
| 10 minutes | Overview, goals and objectives of WSO | Discussion |
| 20 minutes | Story – Kuch To log kahenge | Story telling |
| 30 minutes | Reflection – values system | Sentence stems |
| 20 minutes | Characteristics of a Adolescent Friendly Health Service | Group work |
| 10 minutes | Reflection and closure | Feedback |




## Whole site Orientation (WSO)

To orient all staff members of Urban Primary Health Centre on how to build up an welcoming environment for adolescent and youth at their Centre

# Expected Outcome

Any adolescent/youth visits UPHCs either accompanied/non accompanied must receive information & SRHR services with

- ✓ Welcoming approach
- ✓ Non-judgemental
- ✓ Audio- visual privacy
- ✓ Confidentiality with all information obtained

## आप सब को सादर आमंत्रण



tci THE CHALLENGE INITIATIVE
HEALTHY CITIES INDIA

मनोरंजन के साथ साथ  चंद अनकही बातें
होल साईट ओरिएंटेशन – एडोलसेंट फ्रेंडली हेल्थ सर्विसेज

# कुछ तो लोग कहेंगे



दिनांक-
स्थल-

# कहानी

## “कुछ तो लोग कहेंगे”



सूत्रधार कहानी की शुरूआत करते हुए बताता है कि–

यह कहानी किशोर किशोरियों की है, वे सभी बहुत समय बाद एक पार्क में मिलते है और उनका नाम रीना, स्मिरन व रोहित है तीनों लोग आराम से बैठ कर बाते कर रहे है और बहुत खुश है.......

**रीना** और बाकी दोस्त आपस में बात कर रहे है कि हम कितने दिन बाद मिल पाये हैं, घर में तो आज कल बाहर जाने को नहीं मिलता, मॉ से बहुत बहाना बनाना पड़ता है अगर उनको पता चल जायेगा कि मैं तुम सब से मिलने आयी हूॅ तब तो गजब ही हो जायेगा।

**स्मिरन** भी कहती है कि मैं भी मम्मी से छुपकर आयी हूॅ अगर उनको पता चल गया तो वो भी मुझे मार ही डालेंगी, पहले जब हम लोग छोटे थे तो कितने अच्छे से मिलते थे, न कोई रोक टोक थी, कोई हमसे सवाल नहीं पूछता था लेकिन अब तो कोई हमें साथ में देख लें तो ऐसे देखते है जैसे हमने किसी का खून कर दिया है।

याद है पिछली बार जब मैं और तुम साथ में आ रहे थे वो बगल वाली ऑटी ने ऐसे देखा जैसे कि हम लोग पता नहीं कौन सा गलत काम कर रहे हो।

**कहानी आगे बढ़ती है...........**

**दो महीने बाद – स्मिरन कुछ परेशान लग रही है और वह रीना को बता रही है कि उसे रोहित के लिए कुछ अलग सा महसूस हो रहा है और वह उसे चाहने लगी है.......**

- **स्मिरन** कुछ शरमाते हुए रीना से कहती है,

- मुझे आजकल कुछ कुछ हो रहा है मुझे आजकल **रोहित** बहुत अच्छा लगने लगा है मेरा मन करता है कि मैं उसके बारे में बात करती रहुं और उससे मिलु और उसके साथ ही रहूॅ।

- **रीना** थोड़ा परेशान होकर कहती है कि तू कैसी बात कर रही है ये तो सब गलत है तेरे दीमाग में ये कैसी बाते आ रही हैं तू पागल हो गई है ऐसा सोचना पाप है लोग क्या कहेंगे।
- **स्मिरन एसा सुनकर नाराज हो जाती है और कहती है** तू पहले मेरी बात सुन ज्यादा ज्ञान न दें, मैं और **रोहित** आजकल अक्सर मिलते है वो भी मुझे पसन्द करता है और वो मुझसे शादी भी करना चाहता है, लेकिन मेरी परेशानी की वजह यह नहीं है बल्कि मेरा पीरीयड्स बन्द हो गया है मुझे बहुत घबराहट हो रही है, कुछ तबियत भी ठीक नहीं लग रही है मैं क्या करूं, मुझे बहुत डर लग रहा है।
- **रीना**– मुझे लगता है तुझे बगल वाले अस्पताल में जाना चाहिए और डॉक्टर से मिलना चाहिए।

**दोनों ये फेसला करते है कि दोनों बगल वाले अस्पताल जायेगें लेकिन अपने माता पिता को नहीं बतायेंगे............**

- **रास्ते में एक पड़ोस की आंटी टकरा जाती है और** रीना और स्मिरन से आड़े टेड़े सवाल पूछने लगती है, तुम दोनों अस्पताल की तरफ क्या करने जा रहे हो क्या हो गया, सब ठीक तो है और तुम्हारी मम्मी भी साथ में नहीं हैं, कुछ छुपा रहे हो क्या मुझसे बताओ जल्दी।

- **रीना** हिचकिचाते हुए बोलती है कुछ नहीं आंटी हम लोग अस्पताल नहीं जा रहे है बगल वाली गली में मेरी सहेली का घर है। **एसा बोलते हुए रीना आगे बढ़ जाती है** और स्मिरन से बोलती है लगता है आज जा नहीं जा पायेंगे ये आंटी मम्मी को बता देंगी और फिर हमारी खैर नहीं है।
- **दूसरे दिन रीना व स्मिरन छुपकर अस्पताल पहुंच जाते है और अपनी बारी की इन्तजार करते है...............**

- **वहीं से वार्ड आया गुजरती है और अजीब से उन दोनों को घूरती है, थोड़ी देर बाद एक और स्टाफ आता है और** दोनों से तेज आवाज में बोलता है डाॅक्टर अभी बिजी है इन्तजार करों।
- इसके बाद अस्पताल में आने जाने वाले सभी लोग उन लोगो को अजीब से देखते है जिससे उनको सहज महसूस नहीं होता है। बहुत समय तक इन्तजार करने के बाद रीना व स्मिरन दोनों बिना डॉक्टर से मिले चली जाती है।
- **रीना** स्मिरन से कहती है चलों अब हम लोग चलते है पता नहीं डाक्टर कब तक खाली होगें कहीं किसी ने देख लिया हमें तो बस लेने के देने पड़ जायेंगे दोनों काफी डरे सहमे से लग रहे है, मन में बहुत से सवाल है पर उसका जवाब देने वाला कोई नहीं है ………….



सूत्रधार सभी से निम्न सवाल पूछेंगे और चर्चा को आगे बढ़ायेंगे–

- रीना व स्मिरन यू0पी0एच0सी0 क्यों जा रही थी?
- वो खुद को क्यों दोषी मान रही थी?
- अस्पताल में सब लोग उन्हें क्यों घूर रहे थें?
- आप रीना, स्मिरन, शान व रोहित के बारे में क्या सोचते हो?
- इस नाटक के बारे में आपको क्या अच्छा लगा और क्या खराब लगा?
- आपको क्या लगता है कि क्या किशोर व युवाओं को अस्पताल आना चाहिए?
- क्या आप इस नाटक में कुछ बदलाव करना चाहते है अगर हॉ तो क्या?

# Value clarification

# मूल्य स्पष्टीकरण

# Condoms should be available to youth of any age

## कंडोम किसी भी आयु वर्ग के युवाओं के लिए उपलब्ध होना चाहिए

# Contraceptive use can bring more harm than benefit to young parents

## गर्भनिरोधक का उपयोग युवा माता पिता को लाभ की तुलना में नुकसान अधिक पहुँचा सकता है

# Sex before marriage is acceptable

**विवाह पूर्व शारीरिक सम्बन्ध स्वीकार्य हैं.**

# Sex education can lead to early sex.

**यौन शिक्षा के कारण,यौन गतिविधियाँ जल्दी प्रारंभ हो सकती हैं.**

# It is worse for an unmarried girl to have sex than for an unmarried boy

अविवाहित लड़के की तुलना में अविवाहित लड़की का शारीरिक सम्बन्ध बनाना अधिक गलत है

**Condoms are the best method of birth control for a young person because they protect against sexually transmitted infections (STIs)**

**किसी भी युवा के लिए कंडोम सबसे अच्छे गर्भनिरोधक साधन है क्योंकि यह यौन संचारित रोगों से बचाव करते हैं**

# Youth will not use adolescent reproductive health services even if they are offered.

किशोर/युवा प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध होने के बाद भी वे इन सेवाओं का उपयोग नहीं करेंगे

# Providing sexual and reproductive health services to youth may lead to early sex or promiscuity.

युवाओं को यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने से उनमे समय से पहले सेक्स या स्वच्छंद यौन सम्बन्ध हो सकते है

# Programs should advocate for adolescent to refrain from sexual activities before marriage

कि”ोर कि”ोरियों को विवाह से पहले सेक्स की गतिविधियों से दूर रखने के लिए कार्यक्रमों को पहल/वकालत करनी चाहिए

# किशोरों के लिए अनुकूल स्वास्थ्य सेवाएं

- सभी किशोर किशोरियों के लिए उपलब्ध सेवाएं (लड़के, लड़कीयों, विवाहित व अविवाहित)
- माता पिता की भागीदारी प्रोत्साहित हो, लेकिन ऐसा न हो कि माता पिता के बिना किशोर किशोरियों को डॉक्टर न देंखे
- प्रचार को बढ़ावा देने के लिए एवं उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए स्कूलों, युवा क्लबों जैसे अन्य संस्थाओं के साथ सम्बन्ध
- किशोरों के लिए गोपनीयता और गर्भनिरोधकों के प्रावधान पर स्पष्ट नीतियॉ
- किशोर के लिए किशोर स्वास्थ्य परामर्श दाता
- गर्भनिरोंधकों की पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध हों
- शैक्षिक सामग्री स्वास्थ्य केन्द्र पर उपलब्ध हो

# किशोरों के लिए अनुकूल स्वास्थ्य सेवाएं

- परामर्श दाता किशोर किशोंरियों के मुद्दों के लिए जागरूक हों
- किशोरों की चिंताओं व जरूरतों के प्रति सम्मान एवं सहानुभूति
- निजता एवं गोपनीयता बनी रहें
- लाभार्थी को पर्याप्त समय दिया जायें
- गैर निर्णायक रवैया
- सही और पूरी जानकारी



# किशोरों के लिए अनुकूल स्वास्थ्य सेवाएं

- सुविधाजनक घन्टे
- सुविधाजनक स्थान
- पर्याप्त जगह
- पर्याप्त गोपनीयता
- आरामदायक परिवेश
- किशोर स्वास्थ्य मुददों पर सूचनात्मक सामग्री उपलब्ध हों